THE VILLAGE
INTERNATIONAL SCHOOL
"We Nurture Dreams"

GRADE- 10 AB

प्रश्न **1** निम्नलिखित दो प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग **60-70** शब्दों में दीजिए-

मेरी आंखें भर-भर आ रही थीं, भरी आंखों से मैंने एक लड्डू को जैसे ही मुंह में रखा तो ऐसा लगा मानो, मां ने मुझे अपने अंग में समेट लिया हो। सलोनी का टुकड़ा मुंह में रखा तो ऐसा लगा जैसे कि मानो पापा के गले लग गई हूं। क्या कोई मानेगा कि मैं रोते हुए मिठाइयां खा रही थी। वह सारे पल याद आ गए जब घर में मिठाइयां बनती थीं, होली, दीपावली, राखी। मम्मी पकवान और मिठाइयां बनाकर राशन की अलमारी में रख ताला लगा दिया करती थीं। हमारे बचपन की जाने कितनी यादें और कहानियां इन मिठाइयों के इर्द-गिर्द बुनी हुई हैं।
(क) लेखक के अनुसार सत्य केवल वर्तमान है, उसी में जीना चाहिए। लेखक ने ऐसा क्यों कहा होगा**?** उपर्युक्त कथन के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए।

<u>अथवा</u>

कोरोना काल में घरों में कैद लोग जिस तरह से मानसिक रूप से बीमार हो रहे है, वैसी ही बीमारी के इलाज कर रहे डॉक्टर और नर्स भी इन दिनों मानसिक बीमारी के शिकार हो रहे है. इसकी वजह कोविड 19 का नयी बीमारी होना, बीमारी से लड़ने के लिए सही सुरक्षा उन्हें न मिल पाना,लम्बे समय तक काम पर रहना,बीमार लोगों की संख्या में लगातार बढ़ना, परिवार को उनके मरीज़ के बारें में अच्छी समाचार का न दे पाना आदि कई है इससे वे एंग्जायटी के शिकार होकर मानसिक तनाव में रहने को विवश हो रहे है |

(ख) लेखक के मित्र ने मानसिक रोग के क्या-क्या कारण बताए ?आप इन कारणों से कहाँ तक सहमत हैं**?** झेन की देन पाठ के संदर्भ में विचार प्रस्तुत करे **|**

प्रश्न **2.** तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए।

"अनपढ़ होते हुए भी हरिहर काका दुनिया की बेहतर समझ रखते हैं। वे जानते हैं कि जब तक उनकी जमीन-जायदाद उनके पास है, तब तक सभी उनका आदर करते हैं। ठाकुरबारी के महंत उनको इसलिए समझाते हैं क्योंकि वह उनकी जमीन ठाकुरबारी के नाम करवाना चाहते हैं। "
(क) समाज में रिश्तों की क्या अहमियत है**?** इस विषय पर अपने विचार प्रकट कीजिए।

"जब किसी के व्यवहार का वर्णन होना शुरू होता है तो जिन्हें व्यावहारिक आदर्शवादी लोग समझते हैं उन व्यावहारिक आदर्शवादी लोगों के जीवन से आदर्श व्यावहारिक वर्णन के कारण कम होने लगते हैं क्योंकि वर्णन कभी भी आदर्शों का नहीं होता, बल्कि आपके व्यवहार का होता है।"

(ख) समाज के पास अगर शाश्वत मूल्यों जैसा कुछ है तो वह आदर्शवादी लोगों का ही दिया हुआ है। विचार स्पष्ट करें **|**

"खींच दो अपने खूँ से जमीं पर लकीर
इस तरफ आने पाए न रावन कोई"
(ग) दुश्मन रूपी रावण को रोकने के लिये क्या करना होगा?